संख्या-61 /2025/834/26-3-2025/C.N.-1396097

प्रेषक,

रजनी कान्त पाण्डेय,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण विभाग,
उ0प्र लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांक 25 मार्च, 2025

विषय- वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जिला समाज कल्याण अधिकारी स्तर पर लम्बित डाटा पर निर्णय हेतु तथा भुगतान की कार्यवाही हेतु अनुमति प्रदान करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, समाज कल्याण विभाग, लखनऊ, उ0प्र0 के पत्र संख्या-6060/स0क0/शिक्षा-अ/7/453/2024-25 दिनांक 24.03.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 26-03-2025 को अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जिला समाज कल्याण अधिकारी स्तर पर लम्बित डाटा पर निर्णय हेतु तथा दिनांक 27-03-2025 से 29-03-2025 तक एन0आई0सी0 से बिल प्राप्त कर धनराशि भुगतान की कार्यवाही हेतु अनुमति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उक्त के सम्बन्ध में आपके पत्र दिनांक 18.03.2025 द्वारा अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासनादेश संख्या-155/2023/3413/26-3-2023/CN-1396097 दिनांक 21.11.2024 द्वारा अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत विस्तृत समय सारिणी जारी की गयी थी । उक्त जारी समय सारिणी में जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति स्तर से डाटा की स्वीकृति / अस्वीकृति पर निर्णय लिये जाने की अंतिम तिथि 24-02-2025 निर्धारित की गयी थी। यह भी अवगत कराया गया है कि दिनांक 25-02-2025 को परीक्षण में पाया गया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा करेक्ट एवं सस्पेक्ट डाटा के अन्तर्गत डाटा लम्बित रह गये है जिनका जनपदवार विवरण निम्नवत है:-

क्र0	योजना का नाम	जनपद का नाम	अनु0 जाति करेक्ट डाटा	अनु0 जाति सस्पेक्ट डाटा	सामान्य वर्ग करेक्ट डाटा	सामान्य वर्ग सस्पेक्ट डाटा
1	पूर्वदशम छात्रवृत्ति	सीतापुर	6	1572	0	528
2		प्रयागराज	0	0	0	1747
3		कानपुर नगर	0	427	3	267
4		फर्रूखाबाद	0	214	0	254
5		सोनभद्र	0	220	0	158
6		फिरोजाबाद	0	0	0	227
7		औरैया	0	5	0	188
8		जालौन	0	0	0	165

9		सुल्तानपुर	0	0	27	137
10		मथुरा	0	0	0	7
11		बलिया	0	0	0	0
योग			**6**	**2,440**	**30**	**3,678**

3- अतएव उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 26-03-2025 को अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जिला समाज कल्याण अधिकारी स्तर पर लम्बित डाटा पर निर्णय हेतु तथा दिनांक 27-03-2025 से 29-03-2025 तक एन0आई0सी0 से बिल प्राप्त कर धनराशि भुगतान की कार्यवाही हेतु अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि अपने स्तर से प्रचार-प्रसार कराते हुये समयान्तर्गत सुसंगत शासनादेशो/छात्रवृत्ति नियमावलियों में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by
Rajani Kant Pandey
Date: 25-03-2025 14:41:57

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उप सचिव।

पृ0सं0 एवं दिनाक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- निदेशक, एन0आई0सी0 राज्य इकाई, योजना भवन, लखनऊ।
4- समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उ0प्र0 द्वारा निदेशक, समाज कल्याण।
5- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उप सचिव।